तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 17 नवंबर 2024

11 आदिवासी समाज ने लड़ी जल, जंगल और जमीन की लड़ाई : सांसद भोजराज

12 लोक निर्माण विभाग ने की सड़कों की मरम्मत




## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री साव का सम्मान समारोह 27 को

**डोंडी।** साहू समाज के प्रथम उप मुख्यमंत्री अरुण साव का सम्मान समारोह कार्यक्रम तहसील साहू संघ डौंडी के तत्वावधान में 27 नवंबर को डौंडी में रखा गया है। उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष सोमेश साहू ने दी।

### महाविद्यालयीन छात्रों की आंतरिक परीक्षा आज से

**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में एनईपी 2020 के तहत अध्ययनरत स्नातक (बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम) प्रथम सेमेस्टर के समस्त नियमित एवं स्वाध्यायी (प्राइवेट) विद्यार्थियों की प्रथम आंतरिक परीक्षा तथा नियमित विद्यार्थियों की द्वितीय आंतरिक परीक्षा 18 से 28 नवंबर तक ली जाएगी। सभी परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से आधे घंटे पूर्व महाविद्यालय में उपस्थित रहने को कहा गया है।

### ग्राम टेंगना बरपारा में शिव महापुराण कथा 30 से



**गुरूर।** सभापति जिला पंचायत बालोद ललिता, पीमन साहू, चमेली साहू, सरस्वमी राजेश साहू द्वारा ग्राम पंचायत व ग्राम विकास समिति ग्राम टेंगना बरपारा के सहयोग से शिव महापुराण कथा का आयोजन 30 नवंबर से 6 दिसंबर तक किया गया है। कथावाचक पंडित चैतन्य पाण्डेय होंगे। कथा समय प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत 30 नवंबर को कलश यात्रा, वेदी स्थापना, शिवमहात्मय कथा के साथ होगी। 1 दिसंबर को शिव पुराण परिचय, शिवलिंग महिमा, भस्म रूद्राश महिमा का कथा होगा। 2 दिसंबर को नारद मोह, श्रृष्टि वर्णन, धनपति कुबेर परिचय कथा होगा। 3 दिसंबर को गंगा अवतरण, समुद्र मंथन, नारी धर्म, अर्धनारीश्वर कथा होगा। 4 दिसंबर को सती चरित्र, पार्वती जन्म, शिव विवाह उत्सव कथा होगा। 5 दिसंबर को कार्तिक, गणेश उत्पत्ति एवं तारकासूर मोक्ष, राजासूर कथा, दुर्वासा एवं हनुमान अवतार का कथा होगा। 6 दिसंबर को जालंधर वध, द्वादस ज्योतिलिं, वाणासूर, अंधकासूर, भस्मासूर वध, चढ़ावा, पंचाक्षर मंच, महिमा, शिव सहस्त्रचार, हवन, पूर्णाहुति, प्रसाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

# धान खरीदी की व्यवस्था चकाचक, सुचारू कार्य से किसानों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार संपूर्ण जिले के साथ जिले के सुदूर एवं आदिवासी अंचलों के धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

इसके अंतर्गत विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी केन्द्र में किसानों को जरूरी सुविधा प्रदान कर धान खरीदी के कार्य को आसान बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। धान खरीदी केन्द्र में अपने धान की बिक्री के लिए आने वाले किसानों के लिए छांव, बैठक व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्था की सराहना करते हुए भण्डारी पारा डौण्डी के कृषक संतोष साहू ने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में धान बिक्री के लिए आने वाले किसानों के लिए सभी व्यवस्था उपलब्ध होने से हम किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि उनके धान की बिक्री के लिए धान खरीदी के पहले दिन 14 नवंबर का टोकन कटा था। धान खरीदी केन्द्र में धान बिक्री में पहुँचने पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन के पश्चात उनकी धान की खरीदी इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से किया गया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से धान का तौल करने से बहुत कम समय में उनके धान की खरीदी का कार्य पूरा कर लिया गया।

## धान बेचने खरीदी केंद्र पहुंचे किसानों ने कहा-व्यवस्थित तरीके से हो रहा कार्य



### उपलब्ध कराई गईं सुविधाएं

इसी तरह धान खरीदी केन्द्र डौण्डी की बेहतर व्यवस्था की सराहना धान खरीदी केन्द्र में पहले दिन 14 नवंबर को अपने धान की बिक्री करने पहुँचे किसान जोहार ने भी किया है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में उनके लिए पेयजल, बैठक एवं शौचालय सभी व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि पहले दिन धान खरीदी केन्द्र में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने उनका स्वागत अभिनंदन कर उत्साहवर्धन किया। इससे हम सभी किसानों को बहुत ही अपनत्व एवं गर्व की अनुभूति हो रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी की दर में वृद्धि कर हम किसानों के मेहनत का सम्मान करने का कार्य किया है। इसके साथ ही धान खरीदी केन्द्र में पहले दिन अपने धान की बिक्री करने पहुँचे भण्डारी पारा डौण्डी के किसान भागीरथ, छिंदगांव के किसान फटकन बाई एवं श्रवण ने भी धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्था की सराहना करते हुए जिला प्रशासन द्वारा किए गए इस बेहतर व्यवस्था की सराहना की।

## कार्रवाई : गाड़ी सहित मवेशियों को थाना लेकर पहुंची पुलिस

# कत्लखाना ले जाने से बचाए गए मवेशी, वाहन छोड़ भागा चालक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही



क्षेत्र में पशु तस्करी का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कार्रवाई के बाद भी तस्कर बेधड़क़ मवेशियों का अवैध तरीके से परिवहन कर रहे हैं। शनिवार को साप्ताहिक बाजार के पास गुण्डरदेही पुलिस ने पशु तस्करी करते एक मालवाहक को पकड़ा है, हालांकि चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गए।

- साप्ताहिक बाजार के पास गुण्डरदेही पुलिस ने बरामद किया मालवाहक

वाहन में पांच मवेशी भरे हुए थे। पुलिस ने गाड़ी सहित मवेशी को थाना लाया। नगर के भरत साहू, मोती ठाकुर व अजय देशमुख ने बताया कि सुबह 6 बजे टहलने निकले थे। इस दौरान साप्ताहिक बाजार शनि मंदिर के पास मवेशी तस्कर आइचर वाहन एमएच 27 बी एक्स 6444 से मवेशी को निकाल रहे थे। हम लोगों को देखकर चालक गाड़ी छोड़कर भाग गए। गाड़ी के पास जाकर देखा तो गाड़ी में पांच मवेशी थे, जो प्लास्टिक के तिरपाल से ढ़का हुआ था। उन्होंने बताया कि मवेशियों को महाराष्ट्र कत्लखाना ले जाया जा रहा था। इधर गुण्डरदेही पुलिस गाड़ी सहित मवेशियों को थाना लेकर आई। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि विगत साल से क्षेत्र में पुलिस की लगातार कार्रवाई से मवेशी तस्करों का नेटवर्क ध्वस्त हो गया था और पशु तस्करी का मामला बंद हो गया था। लेकिन अब तस्कर फिर सक्रिय हो गए हैं। बताया जाता है कि ये लोग मवेशी भरकर गुण्डरदेही होते हुए राजनांदगांव सीमा क्षेत्र से पार कर महाराष्ट्र कत्लखाना ले जाते हैं।

# मौत के दूत की तरह सड़क पर तेज रफ्तार में दौड़ रहे हार्वेस्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/निकुम



किसान अब आधुनिक व मशीनी युग में हाईटेक खेती किसानी कर रहे हैं। अक्टूबर नवंबर में खेतों में धान की कटाई, मिजाई जोरों से चल रही है। वहीं अब किसान समय और पैसे की बचत करने हार्वेस्टर से धान कटाई कर रहे हैं। लेकिन अन्य राज्यों से पहुचे कई हार्वेस्टर चालक अपना समय बचाकर खेतों में धान कटाई करने की आपाधापी में लापरवाही बरत रहे हैं।

- दुर्घटना की आशंका से राहगीरों की जान सांसत में

गांव में सड़कों पर धान कटर मशीन लगा कर तेज साउंड में गाना सुनते हुए हार्वेस्टर चलाकर राहगीरों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। निकुम, अंडा, आमटी की सड़कों पर तेज रफ्तार से चलाते हैं, जबकि निकुम में बीते तीन वर्ष पहले हार्वेस्टर में कटर लगे वाहन के कारण हुई दुर्घटना में युवक मौत हो चुकी है।

गौरतलब है कि कर्मा भवन निकुम सड़क डेंजर जोन बन गया है, फिर फर्राटेदार वाहन दुर्घटना के बाद भी फिर सड़कों पर यमदूत बन दौड़ रहे हैं। बीते दिनों निकुम के संतोष निषाद, जीवन पारधी, दिलेश्वर साहू की मौत सड़क हादसे में हो गई। हार्वेस्टर अलसुबह और देर शाम तक अंधेरे में आती जाती है, वहीं अलसुबह स्कूली बच्चे, सहित दैनिक मजदूरों के काम पर जाने के कारण सड़क में आवागमन अधिक रहता है।

जबकि हार्वेस्टर के साथ ट्राली सिस्टम के साथ सड़कों पर चलना है, समय रहते जिम्मेदार नींद से नहीं जागे तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वहीं, ओव्हरलोड वाहन भी सड़कों पर फर्राटे भरते हैं। दो पहिया वाहन चालक भी घोर लापरवाही करते हुए तीन सवारी सहित बिना हेलमेट के बाइक चलाते हैं। लेकिन, शायद यह न तो आरटीओ को दिखता है और न ही स्थानीय पुलिस के जिम्मेदारों को।

# मड़ियाकट्टा में मना जनजातीय गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौण्डीलोहारा





विकासखण्ड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजन कर आदिवासी वेषभूषा में आदिवासी लोक नृत्य की बहुत सुन्दर प्रस्तुति दी। इस अवसर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने राष्ट्रीय जन जातीय गौरव दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव दिवस स्वाधीनता संघर्ष और जन जातीय चेतना के प्रतीक हैं। प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को बताया कि स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुण्डा ने हमें सिखाया कि हमें कैसे अपने परिवेश के साथ सद्भाव की भावना के साथ रहना है और अपनी संस्कृति पर गर्व करना है। उनसे प्रेरित होकर हम उनके सपनो को पूरा करने और हमारे आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने लिए काम कर रहे हैं। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता में बहुत ही हद तक इसके जनजातीय समुदायों का योगदान शामिल है उन्होंने राष्ट्र के इतिहास और विकास के सफर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर शिक्षक परसराम साहू, भूमिका मोवाड़े, नारदराम भुआर्य, सुनील कुमार अलेन्द्र, फत्तेसिंह ठाकुर, सुखेन्द सहारे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति सदस्य, यशवंत मण्डावी, गिरिवर सिंह कोलियारे, सोमजी मण्डावी, पोखराज देवांगन आदि उपस्थित रहे।

- बच्चों ने रंगारंग आदिवासी नृत्य की दी सुन्दर प्रस्तुति

# आर्मी भर्ती परीक्षा में दौड़ के दौरान हार्टअटैक से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिले के ग्राम डेंगरापार के नवयुवक की सीधी भर्ती परीक्षा में दौड़ के दौरान हार्टअटैक आने से मौत हो गई, जिससे ग्रामीणों में शोक की लहर फ़ैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डेंगरापार निवासी राकेश कुमार मध्यप्रदेश के सागर जिले में 14 नवंबर को सीधी भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इस दरमियान दौड़ के दौरान हार्टअटैक आने से युवक राकेश कुमार उम्र लगभग 24 वर्ष मौत हो गई। युवक अपने गृह ग्राम डेंगरापार से आर्मी में भर्ती के लिए 12 नवंबर को अपने घर से निकला था, जो आर्मी भर्ती की तैयारी कर रहा था। युवक तीन भर्ती में फिजिकल के दौरान दौड़ में दो राउंड पूर्ण कर चुका था, युवक अंतिम राउंड के दौड़ में अचानक गिर गया। इलाज के दौरान 15 नवंबर को युवक की मौत हो गई। युवक के शव को गृह ग्राम डेंगरापार लाया गया, जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# पाण्डेपारा में महिलाओं ने खाया आंवला भात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

पाण्डेपारा वार्ड क्रमांक 5 शिव मंदिर के सामने वाली गली की महिलाओं द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के दिन आँवला भात भोज का आयोजन किया गया। भगवान शंकर पार्वती जी व विष्णु लक्ष्मी जी के छाया चित्र एवं आँवले के पौधे की पूजा अर्चना की गई। उसके बाद सभी महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के परंपरागत गीतों और सुवा गीतों पर नृत्य किया। इसके साथ ही अपने हाथों से भोजन बनाकर व परोसकर गली में निवासरत लोगों को भोजन करवाया। कार्यक्रम में बालोद पार्षद कमलेश सोनी, भाजपा मीडिया प्रभारी जिला बालोद कमल पनपालिया, महामंत्री भाजपा शहर मंडल बालोद नरेंद्र सोनवानी, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी बालोद शेखर वर्मा, जिला व्यापारी प्रकोष्ठ विक्रम ललवानी कार्यक्रम में सम्मलित हुए। कमलेश सोनी ने कहा कि हमारे रिश्तेदार ही हमारा परिवार नहीं होते, बल्कि हमारे आस पड़ोस के लोग भी हमारा परिवार हैं। बस जरूरत है हमें मिलजुल कर रहने की। आप लोगों का यह कार्यक्रम आपसी प्रेम भाव और एकता को दर्शाता है। ऐसे ही बालोद के सभी वार्डों में होना चाहिए।

### इनका रहा योगदान

महिला समूह के सदस्य लक्ष्मी वर्मा, परमिला साहू, गैदी बाई साहू, हेमलता सोनकर, रूपा साहू, कल्याणी यादव, ममता साहू, खेमिन साहू, निर्मला साहू, सरस्वती साहू, पिलेश्वरी साहू के नेतृत्व में आँवला भात भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शोभाराम साहू, संतोष साहू, बसंत यादव, संजीव साहू, मोहन साहू, सोनू सोनकर, रोशन सोनकर, हेमंत सोनकर, गजानंद साहू, इन्दरचंद साहू सहित अनेक लोगों का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन दुर्ग संभाग के महासचिव बने विजय



दल्लीराजहरा। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के विजय कुमार जैन मित्तल को दुर्ग संभाग का महासचिव नियुक्त किया गया है। बालोद जिले के ब्यूरो चीफ रहते हुए विजय मित्तल ने पत्रकारिता में अपनी क्षमता का परिचय दिया है, जिसके कारण उन्हें यह उच्च पद और अन्य क्षेत्रों का प्रभार सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन दुर्ग संभाग के अध्यक्ष गोपी वर्मा ने 13 नवंबर को चार पदों पर नियुक्ति की। जिसमें दुर्ग संभाग के महासचिव पद की जिम्मेदारी बालोद जिले के पत्रकार विजय कुमार जैन मित्तल को सौंपी गई है। इसके अलावा उन्हें बालोद, मानपुर, मोहला अंबागढ़ चौकी का प्रभारी भी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन दुर्ग संभाग अध्यक्ष गोपी वर्मा, उपाध्यक्ष हेमंत पाल, सचिव उमेश कोठले, महासचिव विजय जैन मित्तल और कोषाध्यक्ष लोकेश नाग हैं।

### कुंदरूपारा में पानी टंकी का निर्माण जारी



बालोद। शहर के कुंदरूपारा में स्कूल के पास पानी टंकी का निर्माण कार्य जारी है। दो माह के भीतर यानि जनवरी माह के अंतिम दिनों तक पानी टंकी का निर्माण पूर्ण हो जाने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि दीपावली पर्व की वजह से कार्य करीब 15 दिनों तक बंद था और अब फिर से शुरू हुआ है, बिना किसी विध्न के काम निरंतर जारी रहेगा तो बहुत जल्द पानी टंकी बनकर तैयार हो जाएगी। बता दें कि करीब 1 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है।

### शहर जिला साहू संघ का परिचय सम्मेलन 24 को

रायपुर। शहर जिला साहू संघ ने आगामी 24 नवंबर को युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू होंगे। संघ के अध्यक्ष केशवराम साहू ने बताया कि विगत 34 वर्षों से जिला साहू संघ द्वारा यह आयोजन किया जाता रहा है। संगठन सचिव एवं मीडिया प्रभारी अश्वनी साहू ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि परिचय सम्मेलन की शुरुआत सबसे पहले साहू समाज ने ही की थी।

### नुआखाई पर अवकाश सीएम का जताया आभार

रायपुर। भाजपा जवाहर नगर मंडल के उपाध्यक्ष संतोष निहाल ने राज्य शासन द्वारा नुआखाई पर्व पर अवकाश देने की घोषणा को लेकर आभार जताया है। विज्ञप्ति के माध्यम से श्री निहाल ने कहा है कि उत्कल समाज द्वारा ऋषि पंचमी पर नुआखाई पर्व मनाया जाता है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अवकाश घोषित किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधायक पुरंदर मिश्रा का जवाहर नगर मंडल के सदस्यों ने आभार जताया है।

### बेटी बचाओ मंच ने मनाया आंवला नवमी पर्व

रायपुर। बेटी बचाओ मंच महादेवघाट परिक्षेत्र का आंवला पूजन शिव मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। मंच के पदाधिकारियों ने अक्षत, रोली, धूप, दीप के साथ पूजन कर मौली धागा से आठ परिक्रमा की। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने इस दिन आंवला पेड़ के महत्व व धार्मिक मान्यता को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा इस दिन आंवला पेड़ पर ब्रह्मा, विष्णु, महेश विराजते हैं तथा माता लक्ष्मी उनकी पूजा करती हैं। कार्यक्रम में रत्ना शर्मा, सुधा शर्मा, शिखा शर्मा, शारदा मिश्रा, इमला ठाकरे, मनीषा मिश्रा, वैजयंती चतुर्वेदी, सरला इंग्ले, खिलेश्वरी जायसवाल, विनीता शर्मा, शिवम शर्मा सहित पदाधिकारी शामिल थे।

# तीन दिन की बीमारी का दस दिन तक असर, कफ कोल्ड की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड के मौसम में असर दिखाने वाला कफ कोल्ड सामान्यतः दवा लेने पर तीन दिन में ठीक हो जाता है। इस बार मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह से सर्दी-खांसी की परेशानी दस दिन तक अपना असर दिखा रही है। कई मरीजों की समस्या लक्षण आधारित दवा से ठीक नहीं होने पर उन्हें एंटीबायोटिक के साथ स्टेरॉयड भी देना पड़ रहा है। मौसमी वायरस समय के साथ अपना स्वरूप बदलता है। इस बार ज्यादा दिनों तक इसका असर रहने की वजह से रूप में बदलाव की संभावना से चिकित्सक भी इनकार नहीं कर रहे हैं।

अलग खबर

#### उतार-चढ़ाव तक ज्यादा प्रभाव

*डाक्टरों के मुताबिक अभी मौसम में उतार-चढ़ाव है, जिसका मानव स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल रहा है। आने वाले दिनों में जब ठंड का असर स्थायी हो जाएगा, तब मौसमी बीमारी का प्रभाव कम होगा। हर मौसम में होने वाले बदलाव के दौरान बीमारी की शिकायत बढ़ती है और कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले इसका शिकार हो जाते हैं। दवा की खुराक के माध्यम से शारीरिक समस्या को नियंत्रित किया जाता है।*

## ठीक नहीं हो रही मौसमी बीमारी तो देना पड़ रहा स्टेरॉयड



#### त्योहार के बाद से असर ज्यादा

चिकित्सकों के अनुसार मौसमी बीमारी की समस्या अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े के बाद से अपना असर दिखा रही है। दिवाली के दौरान भारी संख्या में पटाखा फूटने के बाद धुआं और प्रदूषण की वजह से यह समस्या ज्यादा असर दिखा रही है। मौसमी बीमारी के साथ दमा सहित फेफड़े की समस्या से पीड़ित मरीजों पर भी इसका दुष्प्रभाव अधिक नजर आ रहा है।

#### असर ज्यादा दिनों तक

सर्दी-खांसी से पीड़ित मरीज अभी ज्यादा प्रभावित दिख रहे हैं। सामान्यतः उन्हें पांच दिनों की खुराक दी जाती है, मगर अभी तीन दिन की अतिरिक्त खुराक देनी पड़ रही है। कफ कोल्ड के साथ गले में इन्फेक्शन की समस्या भी आ रही है।

- डॉ. विनय वर्मा, एमडी चिकित्सक

#### बच्चों में भी समस्या

मौसमी बीमारी का असर छोटे बच्चों पर ही हो रहा है। नाक बहने के साथ उन्हें खांसी भी हो रही है। मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीज रोजाना आ रहे हैं।

- डॉ. निलय मोझरकर, शिशुरोग विशेषज्ञ

कफ-कोल्ड की समस्या पिछले पंद्रह दिन से अपना असर दिखा रही है। आमतौर पर सर्दी-खांसी की समस्या तीन से चार दिन में दवा लेने पर ठीक हो जाती है, मगर इस बार दवा की खुराक दस दिन तक लेनी पड़ रही है। इतना ही नहीं, जिन मरीजों को सामान्य दवा के साथ एंटी बायोटिक भी असर नहीं दिखा पा रहा है, उन्हें इलाज के लिए स्टेरॉयड तक देना पड़ रहा है। डाक्टरों का कहना है कि बड़े अस्पतालों में इसकी संख्या कम है, मगर स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिक में काफी संख्या में मरीज इस मौसमी बीमारी के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। समस्या खांसी और कफ के साथ गले में इन्फेक्शन की भी है, जिसके कारण घरघराहट अथवा दर्द तथा खुजलाहट जैसी समस्या हो रही है।

## शासकीय विद्यालय कुम्हली में बैगलेस डे पर दिखी संस्कृति व संस्कार की झलक

# विद्यार्थियों ने विद्यालय में मनाया दीपावली त्योहार, पूरे 5 दिनों का बताया गया महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



शासकीय स्कूल कुम्हली के प्रधानपाठक छन्नूलाल साहू ने संस्कृति और संस्कार की पहल की है। उन्होंने बैगलेस डे शनिवार को दीपावली के 5 दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को बताया कि भारत की संस्कृति मानव को मानवता सिखाती है, एक दूसरे के साथ अच्छा व्यवहार करना सिखाती है। उन्होंने कहा कि जो भारत की संस्कृति में रंग जाता है, वह अपने साथ दूसरों का भी भला करना सीख जाता है।

16 नवंबर को पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। प्रधान पाठक सीएल साहू ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। धनतेरस पर्व पर सभी कक्षाओं के द्वार पर तेरह मिट्टी के दिए जला कर भगवान धन्वंतरी की पूजा की गई। बताया गया कि समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे, जो भगवान विष्णु के अंशावतार। दूसरे दिवस नरक चतुर्दशी, भगवान कृष्ण ने इस दिन नरकासुर राक्षस का वध किया था। इस दिन कृष्ण की पूजा राधारानी जी के साथ करने की कथा है। तीसरे दिन सुरहुती जिसे दीपावली कहा जाता है, सभी ग्रामीण देवी देवताओं और घरों मिट्टी के दिए जलाकर रोशन जाता है। इस दिन विद्यालय के सभी कमरों और मां शारदा के मंदिर पर दिए जलाए गए। इस धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा विशेष विधि विधान से की जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित पालक, शिक्षक, छात्रों ने मिलकर मां लक्ष्मी की पूजा की। इस दिन विद्यालय में गौरा-गौरी की मूर्ति बनाने के पूजा विधि के साथ गौर माटी लाई गई। बालिकाओं ने प्रत्येक कक्षा के सामने घर के प्रतीकात्मक स्वरूप में सुवा नृत्य प्रस्तुत कर घर मालकिन ने सगुन भेंट के रूप में एक सूपा धान और रुपए पैसे प्रदान किया। उसके बाद प्रत्येक घर जाकर कलशा परघनी स्वरूप घर के मालकिन से धन धान्य से भरा ज्योतिमय कलशा लिए जिसे गौरा गौरी चौक पर दिव्य कलश स्थापित किए जाते हैं। विद्यार्थियों ने नाचते गाते, बाजे गाजे और ईसर गौरा गौरी के जयकारे के साथ भव्य बारात निकाली। नगर भ्रमण कर विद्यालय कलामंच पर स्थापना करके विधि विधान से ईसर गौरी गौरा की पूजा अर्चना की गई। चौथे दिन गोवर्धन पूजा की गई। गौ माता को स्नान कराकर उसकी आरती उतारी गई, गोबर से गोवर्धन पहाड़ बना कर पूजा करने के गौमाता को गोवर्धन पहाड़ पर चढ़ाकर परंपरा का निर्वहन किया। पारंपरिक यादव वेशभूषा से सुसज्जित बच्चों ने गौमाता को सोहई पहनाई और कबीर, सूर, तुलसीदास के जमकर दोहे पारे, काछन चढ़े नाचे, विद्यालय और आस पास का वातावरण पुनः दिवाली त्योहार के आनंद और हर्षोल्लास से सराबोर हो गया।

#### सामाजिक जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करने योग्य बनते हैं बच्चे

पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक यशोदा नायक ने कहा कि इस तरह का आयोजन विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्व का एहसास कराता है। बड़े होकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को बखूबी निर्वहन करने योग्य बनते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हुषणलाल चंद्राकर, पोषण कुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी साहू, जमुना चंद्राकर, शशिकला चंद्राकर नेमिन महिपाल विशेष उपस्थित थे।

## राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था से खफा डीजीपी ने एसपी की ली मैराथन बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था से खफा डीजीपी अशोक जुनेजा ने नक्सल प्राभावित बस्तर को छोड़ शेष 26 जिलों के एसपी की गुरुवार को मैराथन बैठक ली। इस दौरान डीजीपी ने बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए ज्यादातर एसपी को खरी-खोटी सुनाई।

डीजीपी ने बैठक अचानक ही बुलाई। बैठक के एक दिन पूर्व सभी जिलों के एसपी को उनके सेट पर इसकी सूचना दी गई। अचानक सूचना मिलने से जिलों के एसपी भी हड़बड़ा गए और आनन-फानन में बैठक में शामिल होने रायपुर पहुंचे। डीजीपी द्वारा आयोजित बैठक में शामिल होने आए जिलों के एसपी की सबसे पहले अजाक के एडीजीपी ने बैठक ली। इसके बाद सीआईडी, ट्रेनिंग, इंटेलिजेंस प्रमुख ने जिलों के एसपी से बात की। संबंधित एडीजी के साथ बैठक होने के बाद अंत में डीजीपी ने जिलों के एसपी के साथ बैठक की।

#### डीजीपी ने दिखाए तल्ख तेवर

डीजीपी श्री जुनेजा जैसे ही जिलों के एसपी की बैठक में पहुंचे, उनके तेवर काफी तल्ख थे। गौरतलब है कि जिलों के एसपी के बैठक के पूर्व इंटेलिजेंस चीफ अमित कुमार ने डीजीपी को सभी जिलों की स्थिति के बारे में बिंदुवार जानकारी दे दी थी। पिछले दो महीनों में जिन जिलों में चर्चित आपराधिक घटनाएं ज्यादा हुई हैं। उन जिलों के एसपी के प्रति डीजीपी की नाराजगी साफ तौर पर देखने को मिली।

#### हर जिले के एसपी को खड़ा कर वन टू वन सवाल

*पूर्व में डीजीपी की बैठक में सामान्य तौर पर जिलों के एसपी से कानून व्यवस्था की जानकारी ली जाती थी। पहली बार डीजीपी जिलों के एसपी से वन-टू-वन सवाल-जवाब करते दिखे। डीजीपी ने लोहारडीह घटना में पुलिस की परफार्मेंस पर नाराजगी व्यक्त करने के साथ ही थानों में लगे विज्ञापन बोर्ड हटाने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य में बढ़ रहे गैंगवार, मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त पर अंकुश नहीं लगाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। राज्य में लॉ एंड आर्डर मेंटेन रखने डीजीपी ने हर माह एसपी के कामकाज की समीक्षा करने की बात कही।*

## राम जन्मभूमि न्यास के महासचिव चंपत राय से संत राम बालक दास ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



भगवान श्री राम की जन्मभूमि श्री अयोध्या धाम में संत श्री राम बालक दास से मिलने जानकी महल में राम जन्मभूमि न्यास के महासचिव चंपत राय जी पहुंचे। उन्होंने संत श्री राम बालक दास का अयोध्या में स्वागत किया और साथ ही संत श्री के एकदिवसीय अयोध्या प्रवास के संबंध में चर्चा की। रामलला की महाआरती में संत श्री को आमंत्रित करते हुए श्री चंपत राय जी ने छत्तीसगढ़ में बन रहे मां कौशल्या धाम जन्मभूमि तीर्थ की प्रशंसा की। उन्होंने 2026 में मां कौशल्या के पावन स्थापना महोत्सव को विश्व स्तर पर मनाए जाने के विचार का समर्थन किया।

- पाटेश्वर धाम में बन रहे कौशल्या धाम आने का दिया निमंत्रण

संत श्री रामबालक दास जी ने श्री चंपत राय को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के निर्माण के कुशल नेतृत्व के लिए बधाई दी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में पाटेश्वर मां कौशल्या धाम तीर्थ के निर्माण का भी वह निरीक्षण कर उचित मार्गदर्शन देने का आग्रह किया, ताकि 2026 में होने वाला विश्व स्तरीय कौशल्या धाम स्थापना महोत्सव को और भव्य बनाया जा सके। संत श्री ने श्री चंपत राय जी को मां कौशल्या धाम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी।

#### राम जन्मभूमि तीर्थ और मां कौशल्या जन्मभूमि तीर्थ से मजबूत होंगे संबंध

ज्ञात हो कि इस समय संत श्री राम बालक दास जी तीन दिवसीय उत्तरप्रदेश प्रवास पर हैं। इसके अंतर्गत रविवार को भी श्री काशी विश्वनाथ में मां कौशल्या के स्वरूप का निर्माण करने वाले सुनील विश्वकर्मा जी से वे भेंट करेंगे। अयोध्या में पत्रकारों से चर्चा करते हुए संत श्री राम बालक दास जी ने कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ से हम अयोध्या में रामलला के दर्शन करने आए हैं। इसी तरह 2026 के बाद अयोध्या निवासी मां कौशल्या का दर्शन करने छत्तीसगढ़ आएंगे। इस तरह राम जन्मभूमि तीर्थ और मां कौशल्या जन्मभूमि तीर्थ से छत्तीसगढ़ का संबंध और मजबूत होगा।

## मोवा ओवरब्रिज के डामरीकरण की मोटी परत अब होगी स्लिम, दिसंबर तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य



रायपुर। शहर के मोवा ओवरब्रिज पर बार-बार डामरीकरण होने से उसकी परत मोटी हो गई है। इससे ओवरब्रिज का वजन बढ़ गया है। इसके चलते मोटी परत पतली करने यानी री-कंस्ट्रक्शन के लिए लोक निर्माण के सेतु विभाग ने एजेंसी तय की है। इस प्रोजेक्ट को दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य विभाग ने तय किया है। जिस एजेंसी को ठेका दिया गया है। उसकी बिलो दर को स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू करने की तैयारी है। राजधानी के 14 साल पुराने मोवा ओवरब्रिज की मोटी परत को उखाड़ने के बाद ब्रिज के बढ़ते लोड को कम करने के लिए 80 लाख का बजट तय है। इसके लिए टेंडर के बाद काम करने के लिए एजेंसी तय की गई है। विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि री-कंस्ट्रक्शन का काम नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक शुरू करने की तैयारी है। इसे एक महीने में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। बताया जाता है कि इस काम को दिन-रात करने पर भी करीब एक महीने का समय लगेगा ही। इससे शहर में दलदल सिवनी, सड्डू, दुबे कॉलोनी आदि इलाके से आने-जाने वाले लोगों को एक महीने परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस काम को रात में कराने पर भी विचार किया जा रहा है।

## नागपुर से झारसुगुड़ा तक ट्रेनों में नहीं होगी भिड़ंत, रेलवे ने जारी किया कवच सुरक्षा का टेंडर

### 614 रूट किलोमीटर तक होगा "कवच सुरक्षा तकनीक" के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में झारसुगुड़ा, बिलासपुर व रायपुर समेत नागपुर सेक्शन में कवच सुरक्षा तकनीक को दायरे में लाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। अब रेलवे ने 614 रूट किलोमीटर के हाई डेंसिटी नेटवर्क मार्ग पर कवच प्रणाली लागू करने के लिए निविदा आमंत्रित की है। इस परियोजना का अनुमानित मूल्य 292 करोड़ रुपय है। निविदा 25 नवंबर को खोली जाएगी। इस परियोजना के अंतर्गत- स्टेशन कवच उपकरणों की स्थापना, भवनों का निर्माण, टावरों की स्थापना, ऑप्टिकल फाइबर केबल, ओएफसी बिछाने का प्रावधान आदि कार्य शामिल होंगे। इसके साथ ही, लो डेंसिटी नेटवर्क के लिए 1563 रूट किलोमीटर क्षेत्र में कवच प्रणाली लागू करने विस्तृत इस्टीमेट को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। इस खंड में निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया जारी है और निविदा कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। रेलवे का दावा है कि कवच प्रणाली ट्रेन ड्राइवरों की मदद के लिए एक विश्वसनीय साथी है। यदि ड्राइवर स्पीड कंट्रोल करने या ब्रेक लगाना भूल जाता है, तो कवच प्रणाली ब्रेक इंटरफेस यूनिट द्वारा ट्रेन को स्वचालित रूप से कंट्रोल कर लेती है।

#### घने कोहरे में भी सुरक्षित परिचालन

यह प्रणाली ड्राइवर के केबिन में लाइन-साइड सिग्नल के आस्पेक्ट को दोहराती है, जिससे घने कोहरे, बरसात के मौसम के दौरान भी ट्रेन संचालन की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित होगी। यदि लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल रहता है, तो यह प्रणाली स्वचालित रूप से ब्रेक लगाकर ट्रेन की गति को नियंत्रित करने में मदद करेगी। यह प्रणाली संचालन प्राधिकरण (मूविंग ओथोरिटी) के निरंतर अद्यतन के सिद्धांत पर काम करती है एवं लोको को सीधे टकराव से बचने में, लोको में स्थित संचार माध्यम द्वारा सक्षम बनाती है।

#### कवच प्रणाली की यह भी विशेषता

समय पर आटोमेटिक सीटी बजता है और विषमता की स्थिति में या जोखिम के मामले में अन्य ट्रेनों को नियंत्रित एवं सावधान करने के लिए तुरंत सक्रिय हो जाता है। इससे आसपास के क्षेत्रों में सभी ट्रेनों का संचालन तत्काल रुक जाता है। खास बात यह है कि इस तकनीक को देश में तैयार किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मार्च 2022 में कवच सुरक्षा तकनीक का सफल जीवंत परीक्षण दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में लिंगमपल्ली-विकाराबाद खंड पर गुल्लागुड़ा-चिटगिड्डा रेलवे स्टेशनों के बीच किया था।

### शासकीय विद्यालय सुरडोंगर में ग्रुप डिस्कशन पर हुई कार्यशाला

## ग्रुप डिस्कशन से बच्चों को किसी विषय को गहराई से समझने में मदद मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर प्राचार्य बीके बहुरुपी के मार्गदर्शन में राम -आर्य गणित क्लब के तत्वावधान एवं व्याख्याता संजय बंजारे के नेतृत्व में गणित क्लब के विद्यार्थियों के लिए विषय ग्रुप डिस्कशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। काउंसलर ने विद्यार्थियों को ग्रुप डिस्कशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को ग्रुप डिस्कशन कराकर उनके संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने समझाया कि ग्रुप डिस्कशन से प्रतिभागियों का ध्यान बढ़ता है। किसी विषय को गहराई से समझने में मदद मिलती है। सीखने की प्रक्रिया में शामिल होने से एकाग्रता बढ़ती है। सक्रिय रूप से सुनने और बोलने के कौशल में सुधार होता है। समस्याओं को हल करने के लिए प्रभावी विचार आते हैं।विभिन्न विचारों वाले लोगों के समूह को एक साथ लाने से विचार प्रक्रिया व्यापक दृष्टिकोण में बदलती है। प्रतिभागियों को आलोचनात्मक रुप से सोचने और अपने विश्लेषणात्मक कौशल विकसित करने में मदद मिलती है। इस प्रकार विद्यालय में एक्स्ट्रा करिकुलम से विद्यार्थियों के अंदर एक अनोखे रुप में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। विद्यार्थियों के अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर पढ़ाई में ध्यान फोकस करने के लिए प्रति पंद्रह दिवस में विभिन्न प्रकार के आगामी रूप रेखा बनाकर विद्यार्थियों के कक्षा कक्ष में व्यवस्थित कर बच्चों को मोटिवेट किया जाता है। इस प्रकार से गतिविधियां को सोच कर विद्यालय स्तर पर संचालित करने के तरीके को प्राचार्य बी.के.बहुरुपी द्वारा प्रशंसा के साथ साथ विद्यार्थियों और काउंसलर का उत्साहवर्धन किया गया।

- वक्ताओं ने ग्रुप डिस्कशन को बताया महत्वपूर्ण, कहा विद्यार्थियों के लिए है बहुत लाभदायक

## डोंडी में लगा विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला



डौंडी। डौंडी स्थित शासकीय आयुर्वेद औषधालय शनि मंदिर के पास 16 नवंबर को विकासखंड स्तरीय शिविर आयुष स्वास्थ्य मेला के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। भगवान धनवंतरी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी थे, अध्यक्षता ममता जैन डौंडी के गणमान्य नागरिक ने की। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी पद्धति से कुल लाभान्वित 358 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि प्रदान की गई। शिविर को सफल बनाने में ब्लॉक शिविर प्रभारी डॉ.कौशल सिन्हा डौंडी विकासखंड के समस्त आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, औषधालय सेवक सभी का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### बिरेतरा सरपंच देशमुख ने सीएम साय को सौंपा मांग पत्र

**लाटाबोड़।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत भाठागांव बी. पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से ग्राम पंचायत बिरेतरा के सरपंच योगेश कुमार देशमुख ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्राम विकास के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए मुख्यमंत्री को माँगपत्र सौंपा। सरपंच श्री देशमुख ने बताया कि ग्राम भाठागांव बी. हाईस्कूल मैदान में जनजातीय गौरव दिवस एवं कंवर समाज सम्मलेन में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री साय से मुख्य मार्ग से दर्रा खार तक डब्लूबीएम रोड बनवाने, मुख्य मार्ग से स्कूल भर्री तक डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण, विभिन्न स्थानों पर सीमेंटीकरण कार्य, विभिन्न वार्डों में पक्की नाली निर्माण , नवीन ग्राम पंचायत भवन, श्मशान घाट में प्रतीक्षालय निर्माण, वार्ड 10 में हाई टेंशन तार विस्थापन के लिए राशि, उप-स्वास्थय केंद्र बिरेतरा में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला की पदस्थापना करने, आंगनबाड़ी केन्द्रों के रनिंग वॉटर की राशि भुगतान करने एवं स्कूल मैदान में मुरमीकरण कार्य की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री श्री साय ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए बहुत जल्द स्वीकृति प्रदान करेंगे।

### अब तक नहीं मिला मुख्य परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का पारिश्रमिक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 के मुख्य परीक्षा का मूल्यांकन कार्य के पारिश्रमिक का भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। मूल्यांकन अप्रैल 2024 में कराया गया था। मुख्य परीक्षा के मूल्यांकन के बाद पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना, पूरक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूरा कर परीक्षा परिणाम भी जारी किया जा चुका है, लेकिन लगभग 07 माह बीत जाने के बाद भी मूल्यांकन कार्य के पारिश्रमिक का भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। जबकि जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा दीपावली के पूर्व ही पारिश्रमिक की राशि सभी जिलों को जारी कर दी गई है तथा अधिकांश जिले में मूल्यांकनकर्ताओं के खाते में मूल्यांकन केंद्र से राशि अंतरित कर दी गई है, जबकि बालोद जिले में अभी तक राशि जारी नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद ने जिले के मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी कर्मचारियों, अधिकारियों के समस्त प्रकार के मूल्यांकन पारिश्रमिक का शीघ्र भुगतान करने की मांग मूल्यांकन केंद्र के प्रभारी अधिकारियों से की है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक शिवकुमार ने कराया न्योता भोज



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माहूद बी में सेवानिवृत्त शिक्षक (कवि) शिवकुमार अंगारे द्वारा अपने नातिन दोमेश्वरी के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक गोपेन्द्र साहू, स्टाफ केपी. साहू, मालती मंडावी, कल्पना सूर्यवंशी व निर्मलकर व शाला प्रबंधन समिति सदस्य जागृत साहू, कौशल साहू, जगदीश साहू व हेमंत सिन्हा उपस्थित थे।

## बगईकोन्हा टी में मनाया बाल दिवस



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला बगईकोन्हा टी में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ बाल दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम चाचा नेहरू की प्रतिमा पर पूजा अर्चना के साथ केक काटकर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक महेश कुमार जगनायक पंडित नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ में बच्चों ने चाचा नेहरू के जीवन के बारे में अपने द्वारा लिखित भाषण पढ़ा। इस अवसर पर गुब्बारा फुलाओ, रंगोली बनाओ, गोली चम्मच, रस्सी कूद प्रतियोगिता रखी गई। मध्यान्ह भोजन समूह द्वारा बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष बिहारीलाल कोमरे, सखाराम दुग्गा, कुंवर सिंह चनाप, उमा दुग्गा, कुमार सिंह कुंजाम, दुलौरिन बाई उपस्थित रहे।

## बाल दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम





**गुरूर।** मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हारखान में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती और बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्य मोतीलाल साहू ने कहा कि खेल से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है, पढ़ाई के साथ खेल जरूरी है। यह बच्चों को टीम वर्क, अनुशासन, और आत्मविश्वास की भावना सिखाता है। इस अवसर पर उपस्थित स्कूल की संचालक हेमलता साहू, जयंती यादव, चमेली साहू, वंदना यदु, मोना साहू, भारती साहू, भेमेश्वरी, नीलम, धनेश्वरी नार्वे ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय में मनाया गया जनजाति गौरव दिवस

# आदिवासी समाज ने लड़ी जल, जंगल और जमीन की लड़ाई : सांसद भोजराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सांसद लोकसभा कांकेर भोजराज नाग थे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेके. खलखो ने की। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा जिला बालोद पवन साहू एवं जन संपर्क अधिकारी जिला बालोद चंद्रेश ठाकुर उपस्थित थे। सह वक्ता जिला सचिव वनवासी विकास समिति एवं जिला संयोजक जनजातीय गौरव स्मृति कृष्णा साहू थे। कार्यक्रम में मोरध्वज साहू, प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर, सुरेंद्र देशमुख एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती, मां शारदा, वीरांगना रानी दुर्गावती भगवान बिरसामुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गैंदसिंह नायक की तैलचित्र की पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर, मंत्रोच्चार सहित दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि जनजातीय संस्कृति विशिष्ट व अनूठी है। अनेक जनजातीय नायक जनता व देश के कल्याण के लिए शहीद हो गए। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से जनजातीय समाज सनातन काल से जुड़ा है। उन्होंने बताया भगवान राम को आस्था व निश्छल प्रेम के कारण झूठे बेर खिलाने वाली महिला सबरी जनजातीय समाज की ही थीं। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज का इतिहास गौरवशाली है। उनमें इतनी शक्ति है, जो देवी देवताओं को भी अदालत की पेशी में लाने की बात कहती हैं। आदिवासी समाज ने जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ी। वीर नारायण सिंह ने अपनी जमीदारी के दौरान जनता को अकाल में भूख मरते देखकर गोदाम से अनाज निकालकर वितरण किया। परलकोट विद्रोह के शहीद गैंदसिंह नायक, भूमकाल विद्रोह के शहीद गुंडाधूर जनजाति नायक जो बस्तर के शोषित व पीड़ित लोगों के लिए अपने प्राण निछावर किया। जनजाति समाज के लोग जो बुढ़ादेव कहते हैं, वे भगवान शंकर हैं, जो जनजाति समाज के बुजुर्ग कहे जाते हैं।

**रानी दुर्गावती पर बनी फिल्म का किया गया प्रदर्शन :** जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के दौरान रानी दुर्गावती के जीवन वृत्त और कोमराम पर बनी फिल्म का प्रदर्शन महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में जनजाति गौरव स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन डॉ .राघवेश पाण्डेय एवं डॉ. दीपाली राव ने तथा प्रो. जीएन. खरे ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अतिथियों को महाविद्यालय की ओर से पौधा लगे गमला देकर सम्मानित किया गया। किया। प्रो. रितु पिस्दा एवं सभी प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### प्रकृति का संरक्षण करते हैं आदिवासी : पवन

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जसराम नायक ने बताया कि 5 अक्टूबर रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती से 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। जनजातीय नायकों के स्वर्णिम योगदान को हम सबको, युवा पीढ़ी को जानने और गौरव की अनुभूति करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि जनजातीय समाज ने अंग्रेजों की दासता स्वीकार न कर, क्रांति का शंखनाद किया। अंग्रेजों के खिलाफ प्रथम व सर्वाधिक लड़ाई आदिवासियों द्वारा लड़ी गई। कृष्णा साहू ने तिलका मांझी को जनजातीय समाज से प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का आंदोलन करने वाले बताया। पवन साहू ने कहा कि जनजातीय समाज प्रकृति के समीप रहने व साथ जीने वाला समाज है। जनजाति समाज प्रकृति का संरक्षण करने वाले और प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने वाली जाति है।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने मनाया दिवाली मिलन समारोह



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई बालोद द्वारा दीपावली मिलन समारोह 15 नवंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने की। विशेष अतिथि उपप्रांताध्यक्ष द्वय चंद्रशेखर चंद्राकर एवं चंद्रभान सिंह निर्मलकर, प्रदेश महामंत्री राकेशचन्द्र साहू तथा चतुर्भुज साहू सेवानिवृत्त एपीसी थे। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष ने संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के लिए संगठन विस्तार ,सेवानिवृत्ति के समय किए जाने वाले कार्यवाही ,स्वतत्वों का भुगतान आदि तथा शिक्षक हितार्थ समयमान वेतनमान, त्रिस्तरीय वेतनमान ,क्रमोन्नत वेतनमान के स्थान पर समयमान वेतनमान लागू होने से फिक्सेशन करने पर कर्मचारी को लाभ न होकर नुकसान हो रहा है, इस पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में सम्मिलित पदाधिकारी व शिक्षक साथियों की समस्याओं के समाधान पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष राजेश चटर्जी उपप्रातांध्यक्ष द्वय चंद्रशेखर चंद्राकर चंद्रभान सिंह निर्मलकर,राकेशचन्द्र साहू ,जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू ,चतुर्भुज साहु सेवानिवृत्त एपीसी ,डौंडी लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह कोलियारे, वरिष्ठ पदाधिकारी बिशेलाल सिन्हा, गुंडरदेही ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश देवांगन गुण्डरदेही तहसील अध्यक्ष इंद्रजीत गजपाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## धनेली में कलामंच के शेड का किया गया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम धनेली में पूर्णिमा के अवसर पर मेला मड़ई का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रात्रि में साहू सदन कलामंच में नवनिर्मित शेड का लोकार्पण एवं दानदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू थे, अध्यक्षता अध्यक्ष हाई स्कूल जन भागीदारी समिति धनेली ईश्वर लाल सार्वा ने की। विशेष अतिथि अध्यक्ष ग्राम विकास समिति धनेली महावीर साहू, अध्यक्ष मानस मंदिर समिति धनेली माधव राम गंगबेर, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज धनेली हिरदेलाल साहू, सरपंच गोविन्दराम गजपाल व उपसरपंच, पंच व ग्रामवासी उपस्थित थे।




## किल्लेकोड़ा विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में शासन के आदेशानुसार 11 नवंबर से 13 नवंबर तक जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत के संबंध में रंगोली व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन अजय मुखर्जी प्राचार्य के संरक्षण व डॉक्टर बीएल साहसी (व्याख्याता) तथा त्रिजला ठाकुर के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में चार ग्रुप थे जिनमें ए ग्रुप प्रथम स्थान पर रहे जिसके सदस्य दिलेश्वरी,देविका, मीनाक्षी, कुनिता, रूपेश्वरी 11वीं प्रथम स्थान तथा भारती, वनिता, संध्या, सुलोचना, भुवनेश्वरी नवमी द्वितीय स्थान पर रहे। उक्त प्रतियोगिता के निर्णायक सी.जी.पटेल (व्याख्याता), घनश्याम पटेल (व्याख्याता) थे ।इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में लीना नायक दसवीं प्रथम, चांदनी दसवीं द्वितीय तथा यशस्वी 11वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में वाय.एस.मरकाम( वरिष्ठ व्याख्याता) जे.पी. बांधव (व्याख्याता) हेमेंद्र साहू (व्याख्याता), ललित देवहारी, श्रवण यादव, खगेश ठाकुर, कुशल देवदास आदि उपस्थित थे। विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इसमें विजयी प्रतिभागियों का चयन आगे के लिए किया गया है।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130

## तिलखैरी-देवरी (ख) के बीच तांदुला में उच्चस्तरीय पुल की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




तिलखैरी-देवरी (ख) के बीच तांदुला नदी में उच्चस्तरीय पुल निर्माण की मांग के लिए सरपंच व नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भेंट की।

विदित हो कि ग्राम-तिलखैरी व देवरी के बीच तांदुला नदी प्रवाहित होती है। जिस में पुल नहीं होने के कारण 10-11 गाँवों का आपसी संपर्क टूट जाता है एवं आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है। व्यापार, व्यवसाय या आवागमन के लिए 02 किमी के बजाय 11 कि.मी. दूरी तय करनी पड़ती है। उक्त स्थल पर विगत वर्षों में 02 जानें जा चुकी हैं तथा 02-03 लोग बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचा पाये हैं। उक्त पुल निर्माण के लिए ग्रामीण की माँग बहुप्रतीक्षित व गंभीर है। तथा प्रकरण विगत तीन सत्र में बजट में सम्मिलित हो रहा है परंतु वर्तमान में प्रशासकीय स्वीकृति हेतु लोक निर्माण विभाग-मंत्रालय में लंबित है जिसके लिये उप मुख्यमंत्री से निवेदन किया।

इस पर उप मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्यवाही के लिए विभाग लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया है।

प्रतिनिधि मंडल में निलेश्वर प्रसाद साहू, लीलाधर साहू, राजेश साहू, मीना ठाकुर, तेजकिरण साहू,बैसाखू साहू तिलखैरी खिलेन्द्र साहू, देवरी,ख, भागेश्वरी साहू ओटेबंद, रेवती देवदास खप्परवाड़ा, उमेश ठाकुर भिलाई बृजलाल साहू खुरसुल, लक्ष्मीनारायण गजभिये चीचाअआदि-प्रमुख थे।

## मेढ़की सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष बने गुणवंत लाल



**बालोद।** जिले की 122 सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई है। ग्राम मेढ़की निवासी गुणवंत लाल श्रीवास्तव को मेढ़की सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव ने नवनियुक्त अध्यक्ष गुणवंत लाल श्रीवास्तव को मिठाई खिलाकर बधाई दी। गुणवंत लाल श्रीवास्तव को मेढ़की सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बनने पर होरी गजपाल, यशवंत साहू, कामता साहू, दिनेश साहू, नारायण साहू, देवेंद्र श्रीवास्तव, संजय साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, कामेश श्रीवास्तव, मूलचंद ठाकुर, परस साहू सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## शासकीय विद्यालय कोचवाही में मनाया बाल दिवस

**गुरूर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोचवाही में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र का पूजा अर्चना संस्था के प्राचार्य पी. सिन्हा एवं सभी शिक्षक, विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रस्सी खींच, गोली चम्मच, कुसऍं दौड़, जलेबी दौड़



सहित विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मान किया गया। सभी शिक्षको के सहयोग से समस्त विद्यार्थियों को पानी बॉटल देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रमुख पी. सिन्हा के मार्गदर्शन पर आयोजित किया गया। जिसमे पीसी. कोमरे, ओपी. डडसेना, जे साहू, एन. बांधव, केके. साहू, एचके. साहू, एमके. मगर, सीबी. तारम एवं उत्तरा बघेल का सहयोग रहा।

## पीएमश्री विनायकपुर स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अंडा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर पीएम श्री स्कूलों के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय कीड़ा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपक नगर दुर्ग में किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 128 बच्चे शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में ग्राम विनायकपुर के बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा।

जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डे ने बच्चों से क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से रोचक सवाल जवाब किये। साथ ही अपने संबोधन में सभी उपस्थित बच्चों एवं शिक्षकों को खेल एवं योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रधान पाठक टी केन्द्र चन्डाकर, शिक्षक विजेता सूर्यवंशी चमेली ठाकुर, पीटीआई शिक्षक खिलेंद कुमार



यादव एवं शाला परिवार के सभी शिक्षक पालक संघ सदस्यों को शुभकामनाएं बच्चों की उपलब्धि पर बधाई दी है। गोली चम्मच में खेल टीकेश्वरी-5 वी प्रथम बालिका, युगल प्रथम बालक, कुर्सी दौड़ खेल, तनमय प्रथम व्यालक, ललिता द्वितीय-बालिका,चित्रकला तेजस्वी चन्द्राकर प्रथम, मिट्टी कला में नीलम प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## संकुल केंद्र परसदा व देवरी ख में मनाया गया बाल दिवस

**अंडा।** संकुल केंद्र परसदा एवं देवरी ख का संयुक्त रूप से बाल दिवस का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा के शाला प्रांगण में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, एपीसी श्री सिन्हा, और बालोद सरपंच कुलदीप साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत यीतेश ध्रुवे के स्वागत भाषण से हुई। महेश चंद्राकर, प्रधानपाठक शैलेंद्र पांडे, संकुल समन्वयक के मार्गदर्शन में संकुल के 10 स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमार वर्मा, प्रधान पाठक ने किया। कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रेखा देवांगन, मंजू लता मिंज, रेखा साहू, निरुपा चंद्राकर, गीतिका महोबिया, चेतन गंगबेर और संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।




## लोक निर्माण विभाग ने की सड़कों की मरम्मत

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने बालोद जिला मुख्यालय से दुर्ग एवं राजनांदगांव की तरफ जाने वाली सड़कों के संधारण की मांग को लेकर पूर्व में लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। बालोद शहर के अंदर तथा पाररास से जुंगेरा तक सड़को का संधारण करने की माँग की गई थी, वहीं बालोद से दुर्ग मार्ग पर तांदुला पुल के ऊपर हुए गड्ढों को भरने की भी माँग की गई थी। मांगों को ध्यान में रखते हुए बालोद के रेलवे फाटक से जुंगेरा चौक तक सड़कों में हुए गड्ढों को भरकर पेंच वर्क कर सड़कों का संधारण किया गया। इससे इस मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों ने राहत



की सांस ली है। पार्षद कमलेश सोनी, अमित चोपड़ा, विनोद जैन, नरेंद्र सोनवानी, महेश पाठक, रवि पांडे, पिंटू सारथी, तुलेश साहू, सुरेंद्र साहू, हरीश दुबे सहित शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने इसके लिए राज्य शासन का आभार व्यक्त किया।

पेट, आंत, लिवर एवं पैंक्रियास रोग विशेषज्ञ
क्या आप इन समस्याओं से ग्रस्त हैं ?

● पेंट में जलन ● आँतो में जखम
● कब्जियत ● पैंक्रियास में सूजन
● लिवर खराब होना ● पित्त की नली में पथरी
● गैस ● एसिडिटी
● पीलिया ● लिवर सिरोसिस
● हेंपेटाइटिस ● आंतों का कैंसर

डॉ. जीवनलाल घीड़ले
MD (Med.) DM
(Gastro-PGI Chandigarh)
Senior Consultant Gastroenterologist, Interventional Endoscopist, and Hepatologist.
CGHS | POWER GRID | BSNL | SECR (Railway) | CSPTCL (Electricity Board) | All INSURANCE & TPA | IIT BHILAI | SAIL EMPLOYEE & EX- EMPLOYEE
सभी बीमा कंपनी से कैशलेस एवं आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
BSKY बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना / ओडिशा कार्ड धारकों के लिए
आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
97554 21861 , 0788-2990458
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़



12 जनवरी 2025
श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा
श्री जगन्नाथ मंदिर, लिंगराज टेंपल, कोणार्क, केदारगौरी, चंद्रभागा, सिद्धेश्वर एंड मुकतेश्वर, खंडागिरी, धौलीगिरी, उदयगिरी
राशिः स्लीपर- 5500/-, 3AC-10,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज
IRON LIFE
Freedom RAIPUR RUN
1 DEC 2024
10 Km. & 5 Km. CATEGORIES
Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)
Title Sponsor Freedom Refined Sunflower Oil
Prayer Partner भारतवासी
Associate Sponsors CONCRETE TMT & PIPES IB GROUP ABIS RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION RAMA Vachan
Outdoor Partner ASA ADVERTISING AGENCY
WIN CASH PRIZE
10 Km. Category Winners (Men & Women)
INR 50,000 Each
5 Km. Category Winners (Men & Women)
INR 25,000 Each
Free T-Shirt • Free Medal • Certificate on Completion
FOR REGISTRATIONS : ironlife.in